राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः आर0एम0पी0यू0/ 2614 /2023 दिनांक– 04 नवम्बर, 2023

विज्ञप्ति

बी0एड0 एवं एम0एड0 पाठ्यक्रम के सत्र 2022–23 में परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम में दोनों सेमेस्टर में दो से अधिक प्रश्न–पत्रों में न्यूनतम अंक प्राप्त न करने एवं किसी परीक्षार्थी का प्रयोगात्मक परीक्षा में अनुपस्थित होने पर परीक्षा परिणाम में Fail Not Promoted आ रहा है। ऐसे परीक्षार्थी तृतीय सेमेस्टर में प्रोन्नत नहीं हो पा रहे है। जिससे उनका परीक्षा फार्म पूरित नहीं हो पा रहा है।

उक्त के सम्बन्ध में परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 22.10.2023 में निर्णय लिया गया है कि 'सत्र 2022–23 के बी0एड0 व एम0एड0 पाठ्यक्रम के परिक्षार्थियों को विशेष अवसर प्रदान करते हुए उन्हें दो से अधिक प्रश्न–पत्रों में फेल तथा प्रयोगात्मक परीक्षा में अनुपस्थित परीक्षार्थियों को अगले सेमेस्टर/वर्ष में प्रोन्नत कर दिया जाये तथा प्रथम वर्ष के किसी भी सेमेस्टर में अनुतीर्ण छात्र/छात्रा को तब तक उपाधि प्रदान न की जाये तब तक की वह सभी सेमेस्टर की सैद्धान्तिक व प्रायोगिक परीक्षा उत्तीर्ण न कर लें अर्थात प्रथम सेमेस्टर के अनुतीर्ण/छूटे हुये प्रश्न–पत्र को तृतीय सेमेस्टर के साथ तथा द्वितीय सेमेस्टर के अनुतीर्ण/छूटे प्रश्न–पत्र चतुर्थ सेमेस्टर के साथ उत्तीर्ण करना आवश्यक है। क्योंकि एन0सी0टी0ई0 के नियमानुसार बी0एड0 एवं एम0एड0 पाठ्यक्रम में तीन वर्ष में उत्तीर्ण करना आवश्यक है। इसके दृष्टिगत बैक परीक्षा में सम्मलित होने का एक ही अवसर प्रदान किया जा सकता है। यदि परीक्षार्थी उक्त पाठ्यक्रम को निर्धारित अवधि में पूर्ण नहीं करते हैं तो वे उपाधि से वंचित हो जायेंगे। उक्त सुविधा केवल सत्र 2022–23 के लिए ही मान्य है। आगामी सत्रों के लिए इसे नज़ीर नहीं माना जायेगा।'

परीक्षा समिति के उक्त निर्णय के अनुपालन में बी0एड0 व एम0एड0 सत्र 2022–23 में परीक्षार्थियों के दोनों सेमेस्टर में से किसी एक सेमेस्टर में अथवा दोनों में दो से अधिक प्रश्न–पत्रों में न्यूनतम अंक प्राप्त न करने तथा प्रयोगात्मक परीक्षा में अनुपस्थित होने वाले परीक्षार्थियों को सत्र 2023–24 के तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मलित होने तथा परीक्षा फार्म भरने की अनुमति प्रदान की जाती है। उक्त के क्रम में सत्र 2023–24 के तृतीय व चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा के साथ क्रमशः प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर में अनुतीर्ण परीक्षाथियों को परीक्षा में सम्मलित होने का एक और अवसर प्रदान किया जाता है।

डा0(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मा0 कुलपति, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. एजेंसी को इस निर्देश के साथ कि उक्त का अनुपालन सुनिश्चित करें।
4. गार्ड फाइल।

04.11.23
सहा0 कुलसचिव